प्रभात खबर

पंजवारा बाजार में खुलेआम हो रहा नकली बीज का धंधा, कृषि विभाग बना मूकदर्शक

पंजवारा. बाराहाट प्रखंड के पंजवारा बाजार में इन दिनों नकली धान बीज का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है. इस काले धंधे के भरोसे व्यापारी मालामाल हो रहे हैं, जबकि खून पसीने से पैसे कमाने वाले किसान शोषित हो रहे हैं. किसान को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ उनके फसल पर भी इसका गलत असर पड़ रहा है. चिंताजनक बात यह है कि कृषि विभाग के पदाधिकारी इस पूरे प्रकरण पर चुप्पी साधे बैठे हैं. जिससे किसानों में आक्रोश फैल रहा है. फिलहाल धान की रोपनी की तैयारी का मौसम है और किसान बड़ी उम्मीद से बीज खरीद रहे हैं. लेकिन बाजार के कुछ कालाबाजारी करने वाले दुकानदार अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में भोलेभाले किसान का शोषण कर रहें हैं. जो लो-ग्रेड या नकली बीज को असली बताकर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं. कई किसान धोखे में आकर यह बीज खरीद चुके हैं और खेत में लगाने के बाद जब अंकुरण नहीं हुआ, तो उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/banka/fake-seeds-are-being-openly-traded-in-panjwara-market